फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गिरधारी लाल वैष्णव पिता नाहरूदास वैष्णव निवासी बी 12 ए, कुम्भानगर, चितौडगढ़
— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा

— रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार,2005 **पत्रावली संख्या 17/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.06.2021 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा द्वारा जरिये क्रमांकः लो. सू./2021/64 दिनांक 17.05.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील इस कार्यालय को दिनांक 10.03.2021 को प्राप्त हुआ। प्रार्थना पत्र अनुसार पटवारी हल्का गिलुण्ड से प्रार्थी द्वारा चाही गई राजस्व रिकार्ड की समस्त सूचना तैयार करवाकर प्रार्थी को दिनांक 01.04.2021 को इस कार्यालय में उपस्थित होकर चाही गई सूचना राजस्व रिकार्ड की नकले प्राप्त कर ली गई थी। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्ट व अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी को वांछित सूचना कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर तैयार करा उपलब्ध करा दी गई हैं। अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)